| |
|---|
| दिनांक 24.08.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 32/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–142</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **लूटे गये 01 लाख 12 हजार 600 रूपये नगद**
- **01 अवैध पिस्टल मय मैगजीन, जीवित/खोखा कारतूस**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 23.08.2024 को थाना सेक्टर–142 व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त 1–दीपक कुमार 2–कनोज उर्फ शाका घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 3–सचिन उर्फ चतरू 4–अजीत सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 01 लाख 12 हजार 600 रूपये नगद, 01 अवैध पिस्टल मय मैगजीन, जीवित/खोखा कारतूस, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 11.08.2024 को थाना सेक्टर–142 क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर–142 पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये लूट की घटना से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त दीपक कुमार के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, राजस्थान प्रान्त के विभिन्न थानों पर डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग व अभियुक्त सचिन उर्फ चतरू के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, राजस्थान के विभिन्न थानों पर डकैती, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–142 पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–दीपक कुमार निवासी ग्राम गेझा थाना फेस–2 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–कनोज उर्फ शाका निवासी इखरानी थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ हालपता–लालकुआ, गाजियाबाद।

3–सचिन उर्फ चतरू निवासी ग्राम गेझा थाना फेस–2 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

4–अजीत निवासी गेझा गली नं0–6, गौतमबुद्धनगर स्थायीपता–तरीखल थाना अतरौली जनपद हरदोई।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूटे गये 01 लाख 12 हजार 600 रूपये नगद।

2–01 अवैध पिस्टल मय मैगजीन, जीवित/खोखा कारतूस।

3–03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**<u>जनपद अयोध्या/थाना हैदरगंज</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतू आदि बरामद**

दिनॉकः 23.08.2024 को थाना हैदरगंज व थाना बीकापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जाना बाजार बीकापुर मोड़ पर चेकिंग के दौरान बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त इसराइल उर्फ बाबे घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 02 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतू आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना बीकापुर, जनपद अयोध्या का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस समबन्ध में थाना हैदरगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इसराइल उर्फ बाबे निवासी नन्दरौली थाना बीकापुर जनपद अयोध्या।

**बरामदगी**

1–02 मोबाइल फोन।

2–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतू आदि।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना फेस–02**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 आटो वाहन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 24.08.2024 को थाना फेस–02 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आटो मेन रोड फूल मण्डी सर्विस रोड पर बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त कुलदीप उर्फ सोनू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 आटो वाहन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद कन्नौज व कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना फेस–02 पुलिस टीम द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1– कुलदीप उर्फ सोनू निवासी मोहल्ला कादर गडिया समधन थाना गुरूसहायगंज जनपद कन्नौज हालपता–पार्किंग सुतियाना थाना ईकोटेक–तृतीय, गौतमबुद्धनगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–01 आटो वाहन।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना फेस–02

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **139 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के**
- **2540/–रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 23.08.2024 को थाना फेस–02 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम के पास से अभियुक्त राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 139 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के, 2540/–रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त एटीएम से पैसे निकालने वाले सीधे–साधे जनता के लोगों को विश्वास में लेकर एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से पैसे निकाल लेने की घटना कारित करते थे।

इस सम्बन्ध में थाना फेस–02 पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–राहुल कुमार निवासी ग्राम बडगांव थाना फितेपुर जनपद गया, बिहार हालपता–ग्राम हबीबपुंर थाना ईकोटेक–3 गौतमबुद्धनगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–139 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के।

2–2540/–रूपये नगद।

3–01 मोटर साइकिल।

**<u>ए0एन0टी0एफ0 थाना गाजीपुर</u>**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **375 ग्राम अवैध हेरोइन**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनॉकः 23.08.2024 की रात्रि को ए0एन0टी0एफ0 थाना गाजीपुर टीम द्वारा सूचना के आधार पर रामकरन सेतु पुल थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर से अभियुक्त विशाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 375 ग्राम अवैध हेरोइन, 02 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–विशाल निवासी ग्राम दारूनपुर महुलिया थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–375 ग्राम अवैध हेरोइन।

2–02 मोबाइल फोन।

3–01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद सहारनपुर/थाना नकुड़

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 09 मोटर साइकिल**
- **01 फर्जी नम्बर प्लेट**
- **04 किलो ताबे का तार बरामद**

दिनॉकः 23.08.2024 को थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भोपाल के बन्द पड़े भट्टे से 03 अभियुक्तों 1–शुभम उर्फ आर्यन 2–कल्लू उर्फ हिमांशू 3–विवेक उर्फ विक्का को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 09 मोटर साइकिल, 01 फर्जी नम्बर प्लेट, 04 किलो ताबे का तार बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शुभम उर्फ आर्यन के विरूद्ध जनपद सहारनपुर के थाना नकुड़ पर लूट, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी आदि के 04 अभियोग व अभियुक्त विवेक उर्फ विक्का के विरूद्ध जनपद सहारनपुर के थाना नकुड़ पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना नकुड़ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शुभम उर्फ आर्यन निवासी ग्राम साल्हापुर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

2–कल्लू उर्फ हिमांशू निवासी ग्राम साल्हापुर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

3–विवेक उर्फ विक्का निवासी ग्राम साल्हापुर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 09 मोटर साइकिल।

2–01 फर्जी नम्बर प्लेट।

3–04 किलो ताबे का तार।

———